# अध्याय 5: हांगकांग में घूमना

## सड़क पार करने के नियम

फुटब्रिज, भूमिगत पथ (सबवे), पैदल यात्री क्रासिंग ( "ज़ेबरा" क्रासिंग) या हरी लाइट क्रासिंग ( "ग्रीन मैन" क्रासिंग) का उपयोग करके सड़क पार करना अधिक सुरक्षित रहता है। यदि आपको आस-पास ऐसी कोई सड़क पार करने की सुविधा नहीं मिलती है, तो सड़क पार करने के लिए कुछ बुनियादी कदम हैं जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए:

1. एक सुरक्षित स्थान ढूंढें जहां से आप सड़क पर सभी दिशाओं में आने वाले किसी भी यातायात (ट्रेफिक) को स्पष्ट रूप से देख सकें।
2. यातायात को देखते समय, फुटपाथ से थोड़ा पीछे रुकें, जहां पर आप यातायात से दूर रहेंगे।
3. चारों ओर से यातायात को देखें और सुनें। पंरतु, ध्यान रखें कि मोटरसाइकल सहित इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहन बहुत ही शांत तरीके से चल सकते हैं। सुनने के अलावा आपको उन्हें देखने की भी आवश्यकता है। यदि यातायात आ रहा है तो उसे गुजरने दें। चारों ओर देखें और फिर से सुनें।
4. ड्राइवरों को आपके सड़क पार करने के इरादा के बारे में पता लगने दें लेकिन ड्राइवर से गाड़ी की गति को धीमा करने की अपेक्षा न करें।
5. जब तक आप निश्चित न हों कि आपके पास पर्याप्त समय है, तब तक सड़क पार न करें। जब यातायात आस पास न हो तो सड़क को सीधे पार करें।
6. यदि आप खराब दृश्यता, आवाज या खराब मौसम के कारण स्पष्ट रूप से देख या सुन नहीं सकते हैं, तो सड़क पार करने के लिए अधिक समय रखें।
7. सड़क पार करते समय नजर आने वाले या पास आने वाले वाहनों पर नजर रखें और ध्यान से सुनें।
8. सड़क पार करते समय कोई भी अन्य गतिविधि न करें, जैसे खान-पीन करना, मोबाइल गेम खेलना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना, कोई ऑडियो डिवाइस सुनना या बातें करना। अपना पूरा ध्यान यातायात पर रखें।

## क्रॉसिंग सुविधाओं का उपयोग करना

व्यस्त सड़कों को पार करने में आपकी सहायता के लिए अक्सर क्रासिंग साधन प्रदान किए जाते हैं।

**फुटब्रिज तथा भूमिगत पथ (सबवे):** फुटब्रिज, भूमिगत पथ (सबवे) और ऊँचे उठे पैदल मार्ग व्यस्त सड़कों को पार करने के लिए सबसे सुरक्षित स्थान हैं क्योंकि ये पैदल यात्रियों को यातायात के खतरों से दूर रखते हैं।

**पैदल यात्री क्रासिंग ( "ज़ेबरा" क्रासिंग):** "ज़ेबरा" क्रासिंग को सड़क पर बारी-बारी से काली और सफेद पट्टियों तथा दोनों तरफ ज़िगज़ैग रेखाओं से चिह्नित किया जाता है। एक पीला बिकन (बत्ती), जो आमतौर पर झलकता रहता है, क्रासिंग के स्थान को चिह्नित करता है। हमेशा सड़क पार करने से पहले ड्राइवरों को आपको देखने, गाड़ी धीमा करके रुकने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करें। यदि आवश्यक हो, तो क्रासिंग पर एक छोटा सा कदम रखें ताकि ड्राइवरों को पता चल सके कि आप सड़क पार करना चाहते हैं। जब तक आप "ज़ेबरा" क्रासिंग पर कदम नहीं रखेंगे आपके लिए यातायात को रुकने की आवश्यकता नहीं है।

**हरी लाइट क्रासिंग ( "ग्रीन मैन" क्रासिंग):** जब आप "ग्रीन मैन" क्रासिंग पर पहुँचते हैं तब किनारे के नजदीक फुटपाथ पर खड़े हो जाएं। कुछ क्रासिंग पर, आपको पैदल यात्री पुश बटन मिलेगा; बटन को छूएं या दबाएँ और प्रतीक्षा करें (कुछ "ग्रीन मैन" क्रासिंग पैदल यात्रियों को केवल तभी हरा सिग्नल देते हैं जब पुश बटन को दबाया या छुआ जाता है)। जब स्थिर "ग्रीन मैन" लाइट दिखाई दे, तब आप सावधानी से सड़क पार कर सकते हैं। यदि पैदल यात्री क्रासिंग नहीं है तो वहां जंक्शन को तिरछे पार न करें। यदि पैदल यात्री लाइट पर झलकता हुआ "ग्रीन मैन" दिखाई दे रहा हो, तो आपको सड़क पार नहीं करनी चाहिए। यदि सड़क पार करते समय "ग्रीन मैन" लाइट झलकने लगे, तो आप अपनी स्थिर गति से सड़क पार करना जारी रखें। यदि पैदल यात्री लाइट पर "रेड मैन" दिखाई दे रहा है, तो कभी सड़क पार न करें या पार करना शुरू न करें। यदि ट्रैफिक लाइट काम नहीं कर रही है, तो क्रासिंग को एक सामान्य सावधानी वाली क्रासिंग के रूप में देखें। यातायात पर नज़र रखें और अत्यंत सावधानी से सड़क पार करने के लिए सड़क क्रासिंग कोड का पालन करें।

यदि क्रासिंग के बीच में कोई उठा हुआ भाग हो तो उस पर रुकें और सड़क पार करने के कोड और उपरोक्त नियमों तथा सलाह का फिर से पालन करें।

"ज़ेबरा" क्रासिंग की ज़िगज़ैग रेखाओं के भीतर या "ग्रीन मैन" क्रासिंग, फुटब्रिज तथा भूमिगत पथ (सबवे) के 15 मीटर के दायरे के भीतर सड़क पार न करें।

## साइकिल चलाते समय सुरक्षा

साइकिल को एक वाहन माना जाता है, जिसका मतलब है कि साइकिल चालकों का भी साइकिल चलाते समय ड्राइवरों पर लागू होने वाले नियमों और विनियमों का पालन करने का समान दायित्व है। सड़कों पर साइकिल चलाते समय कृपया निम्नलिखित सुरक्षा सुझावों पर ध्यान दें:

**यह करें**

1. सुनिश्चित करें कि ब्रेक ठीक से व्यवस्थित हैं और सही कार्य करने की स्थिति में हैं, और पहियों को प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं।
2. साइकिल की स्थिति की जाँच करें और चलने से पहले सुरक्षा हेलमेट तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (जैसे पैड और दस्ताने) पहनें।
3. सुनिश्चित करें कि साइकिल पर चेतावनी घंटी और पीछे लाल रंग के रिफ्लेक्टर लगे हों।
4. ट्रैफिक लाइट सिग्नल, ट्रैफिक संकेतों, सड़क के निशानों और ट्रैफिक नियमों का पालन करें जो आमतौर पर वाहनों पर लागू होते हैं।
5. चमकीले, हल्के रंग के, फ्लोरोसेंट या रिफ्लेक्टिव कपड़े/बेल्ट पहनें।
6. अंधेरे या कम दृश्यता के समय आगे की सफेद बत्ती तथा पीछे की लाल बत्ती जलायें।
7. यदि साइकिल मार्ग उपलब्ध हो तो हमेशा इसका उपयोग करें।
8. ओवरटेक करने या दाएँ मुड़ने के अलावा हमेशा एक ही पंक्ति में चलें।
9. हमेशा सड़क के बाईं ओर चलें और गड्ढों, नालियों, सड़क के विस्तार के लिए जोड़, ढक्कनों और पटरियों आदि पर ध्यान दें।
10. आप जिस भी वाहन के पीछे चल रहे हों, उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
11. सड़क पार करते समय साइकिल से उतरे।

**यह ना करें**

1. किसी यात्री को न बिठाएं या किसी जानवर को ले कर न चलें।
2. कोई भी ऐसा सामान या जानवर लेकर न चले जिससे आपकी दृष्टि में बाधा हो या आपका संतुलन बिगड़े।
3. साइकिल चलाते समय हैंडल या पैडल न छोड़ें।
4. किसी अन्य वाहनों को न पकड़ें या किसी वस्तु को न खीचें।
5. ग्यारह साल से कम आयु के बच्चों को बिना वयस्क की निगरानी के सड़क पर साइकिल चलाने की अनुमति नहीं है।
6. फुटपाथ पर साइकिल न चलायें।
7. ट्रैफिक में एक तरफ से दूसरी तरफ या टेढ़े-मेढ़े न चलायें।
8. शराब पीकर या नशीली दवाओं के प्रभाव में साइकिल न चलायें।
9. साइकिल चलाते समय मोबाइल फोन या किसी भी ऑडियो डिवाइस का उपयोग न करें।

सुरक्षित तरीके से साइकिल चलाने संबंधी अधिक जानकारी के लिए, कृपया परिवहन विभाग की "साइकिलिंग सूचना केंद्र" की वेबसाइट www.td.gov.hk/mini_site/cic/en पर जाएँ।

## सुरक्षित ढंग से मोटर चलाना

वाहन चलाते समय कृपया निम्नलिखित नियमों तथा सलाह पर ध्यान दें:

**यह करें**

1. ध्यानपूर्वक वाहन चलायें।
2. यदि सीट बेल्ट लगी हो तो उसे पहनें।
3. हमेशा अपने तथा आगे वाले वाहन के बीच कम से कम दो सेकंड का फासला रखें।
4. वाहन के अंधस्थल (ब्लाइंड स्पॉट) पर विशेष ध्यान दें।
5. यातायात नियमों का पालन करें और लेन अनुशासन बनाए रखें।
6. यातायात दुर्घटना या आपात स्थिति के बाद स्थिति को संभालने के लिए तैयार रहें।

**यह ना करें**

1. शराब पीकर या नशीली दवाओं का सेवन करके वाहन न चलायें।
2. थकान या कमजोरी महसूस होने पर वाहन न चलायें।
3. अपने आगे वाले वाहन के बहुत नजदीक न चलायें।
4. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन को हाथ में पकड़ कर इस्तेमाल न करें।

सुरक्षित तरीके से मोटर चलाने संबंधी अधिक जानकारी के लिए, कृपया परिवहन विभाग की "सुरक्षित मोटरिंग गाइड " की वेबसाइट www.td.gov.hk/en/road_safety/safe_motoring_guides/index.html. पर जाएँ।

## MTR

**MTR** कॉर्पोरेशन लिमिटेड शहरी क्षेत्रों, न्यू टेरिटरीज तथा लांताऊ आइलैंड में एक एकीकृत रेल नेटवर्क के साथ-साथ हांगकांग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए एक एक्सप्रेस सेवा भी संचालित करता है। यह मैनलैंड चीन के विभिन्न शहरों के लिए ग्वांगझोउ-शेन्ज़ेन-हांगकांग एक्सप्रेस रेल लिंक (XRL) के हांगकांग सेक्शन का भी संचालन करता है।

यह नेटवर्क क्वुन तोंग लाइन, चुन वान लाइन, आइलैंड लाइन, साउथ आइलैंड लाइन, चुंग क्वान ओ लाइन, तुंग चुंग लाइन, डिजनीलैंड रिसार्ट लाइन, ईस्ट रेल लाइन और तुन मा लाइन को कवर करता है। ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:28 बजे से रात के 1:29 बजे तक चलती हैं। इसके अलावा, MTR सिस्टम एयरपोर्ट एक्सप्रेस के साथ-साथ लाइट रेल को भी कवर करता है। MTR प्रतिदिन सुबह 5:50 बजे से रात के 1:15 बजे तक सेवा प्रदान करती है, जबकि लाइट रेल प्रतिदिन सुबह 5:11 बजे से रात के 1:38 बजे तक चलती है।

एयरपोर्ट एक्सप्रेस आने-जाने वाले यात्रियों को हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल और सेंट्रल के मध्य स्थित हांगकांग स्टेशन के बीच पहुंचाती है, और चिंग यी तथा कॉव्लून स्टेशनों से होकर गुज़रती है। 2005 के अंत में इस सेवा का विस्तार एशियावर्ल्ड-एक्सपो स्टेशन तक किया गया ताकि हवाई अड्डे पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र की सेवा की जा सके।

लाइट रेल नेटवर्क उत्तर-पश्चिमी न्यू टेरिटरीज के नए शहरों, जैसे तुन मुन, तिन शुई वाई और यून लांग को जोड़ता है। यह तुन मा लाइन से जुड़ता है जो मा ऑन शान तक पहुंचती है।

MTR दो प्रकार की सीमा-पार रेल सेवाएं भी प्रदान करती है। लो वू तथा लोक मा चाऊ स्टेशन, जो पूर्वी रेल लाइन से जुड़े हैं, यात्रियों को शेन्ज़ेन नियंत्रण बिंदुओं तक पहुँचने की सुविधा प्रदान करते हैं। XRL ट्रेनें हांगकांग वेस्ट कॉव्लून स्टेशन और 93 मेनलैंड गंतव्यों के बीच चलती हैं, जिनमें 11 छोटी-दूरी के गंतव्य और 82 लंबी दूरी के गंतव्य शामिल हैं, जो हांगकांग को नैशनल हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जोड़ती हैं और हांगकांग और विभिन्न प्रमुख मेनलैंड शहरों के बीच रेल यात्रा के समय को काफी कम करती हैं।

पूछताछ: **2881-8888**

**सलाह:**

एक अत्यंत सुविधाजनक प्रकार के टिकट को "ऑक्टोपस" कहा जाता है, जो **MTR,** सभी फ्रेंचाइज्ड बस मार्गों तथा सभी फ्रेंचाइज्ड और लाइसेंस प्राप्त फ़ेरी मार्गों पर कई यात्राओं के लिए एक संचित मूल्य कार्ड है। संचित मूल्य समाप्त हो जाने पर आप किसी भी रेलवे स्टेशन या खुदरा विक्रेताओं, जिनमें निर्दिष्ट सुविधा स्टोर भी शामिल हैं, पर एड-वैल्यू मशीन/ग्राहक सेवा केंद्र पर अपने कार्ड को फिर से लोड कर सकते हैं। ऑक्टोपस पूछताछ प्रोसेसर का उपयोग आपके ऑक्टोपस के शेष मूल्य को देखने के लिए किया जा सकता है। MTR हैवी रेल नेटवर्क QR कोड स्कैन करके ई-भुगतान प्लेटफार्म के माध्यम से किराए का भुगतान भी स्वीकार करता है। लाइट रेल के लिए, कृपया ध्यान दें कि एक बार जब आप एकल यात्रा टिकट या अपने ऑक्टोपस कार्ड को मान्य कर लेते हैं, तो आप गेट या टर्नस्टाइल से गुज़रे बिना सीधे ट्रेन में चढ़ सकते हैं। हालाँकि, यह "सम्मान" वाली किराया प्रणाली **MTR** कर्मचारियों द्वारा आकस्मिक जाँचों द्वारा लागू की जाती है।

***ध्यान दें:***

MTR का रूट मैप इस गाइडबुक के पीछे दिखाया गया है।

## फ्रेंचाइज्ड बस सेवाएं

हांगकांग में चार कंपनियाँ फ्रेंचाइज्डस सेवाएं संचालित करती हैं। वे हैं कॉव्लून मोटर बस कंपनी (1933) लिमिटेड (KMB), सिटीबस लिमिटेड, न्यू लांताउ बस कंपनी (1973) लिमिटेड (NLB) और लांग विन बस कंपनी लिमिटेड। अधिकांश बस सेवाएं सुबह लगभग 6:00 बजे से मध्य रात तक चलती हैं और कुछ सारी रात चलती हैं।

**सलाह:**
बस से यात्रा करने के लिए आपको टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं होती है। बस में चढ़ने के बाद ड्राइवर के बगल वाले किराया बॉक्स में सटीक किराया डालें। और भी आसान बात यह है कि ऊपर बताई गई सभी बसें ऑक्टोपस कार्ड से भुगतान स्वीकार करती हैं। इसके अलावा, नियमित बस रूट अन्य ई-भुगतान प्रणाली, जैसे कॉन्टैक्टलेस कार्ड और QR कोड स्कैनिंग, को भी स्वीकार करते हैं। अगर सीट बेल्ट लगी है तो सीट बेल्ट पहनें। ड्राइवर को अवरोधित या उसका ध्यान भंग न करें। निचले डेक पर खड़े होते समय या बस कम्पार्टमेंट में चलते समय और सीढ़ियों से ऊपर/नीचे जाते समय हैंड रेल को सख्ती से पकड़ें। जब आप उतरना चाहते हैं, तो स्टॉप बटन को दबाएं।

| | | |
|---|---|---|
| पूछताछ: | सिटीबस (Citybus) | **2136-8888** |
| | KMB | **2745-4466** |
| | लांग विन (Long Win) | **2261-2791** |
| | NLB | **2984-9848** |

## मिनीबस

हांगकांग में दो प्रकार की मिनी बस हैं, हरी मिनी बस (हरी छत वाली) और लाल मिनी बस (लाल छत वाली)। हरी मिनी बस निर्धारित रूट, किराए, वाहन आवंटन और समय-सारिणी के साथ निर्धारित सेवाएं प्रदान करती हैं, जबकि लाल मिनी बस निर्धारित रूट, किराए और समय-सारिणी के बिना चलती हैं। मिनी बस की अधिकतम बैठने की क्षमता मुख्यत: 16 या 19 सीटों की होती है।

हरी मिनी बस में किराया बस में चढ़ते ही भुगतान किया जाता है। सभी हरी मिनी बस नकद और ऑक्टोपस कार्ड से भुगतान स्वीकार करती हैं, यद्यपि कुछ AlipayHK से भी भुगतान स्वीकार करती हैं। कुछ लाल मिनी बस नकद के अलावा ऑक्टोपस कार्ड से भी भुगतान स्वीकार करती हैं। जिन लाल मिनीबसों में केवल नकद स्वीकार किया जाता है, उनमें आमतौर पर आपको उतरते समय भुगतान करना होता है। सुनिश्चित करें कि ड्राइवर के पास खुले पैसे खत्म हो जाएँ तो आपके पास सटीक किराया हो। अगर सीट बेल्ट लगी है तो सीट बेल्ट पहनें।

**सलाह:**

यदि आप हरी या लाल मिनीबस को रोक कर उतरना चाहते हैं तो स्थानीय निवासी की तरह "याउ लोक" कहें, जिसका कैंटोनीज़ में अर्थ है "कृपया रुकें"। कुछ हरी या लाल मिनीबसों में यात्री कॉल-बेल लगी होती है, जिससे यात्री उतरने के लिए ड्राइवर को गाड़ी रोकने का संकेत दे सकते हैं। यदि आप किसी मिनीबस के ड्राइवर की सराहना करना चाहते हैं/आप उसकी सेवा से संतुष्ट नहीं हैं, तो घटना की तारीख, समय और स्थान के साथ-साथ वाहन पंजीकरण नंबर प्राप्त करें और परिवहन शिकायत इकाई हॉटलाइन **2889-9999** या सरकारी हॉटलाइन **1823** पर कॉल करें।

## ट्राम

हांगकांग ट्रामवेज़, हांगकांग आइलैंड के उत्तरी किनारे पर डबल-डेकर ट्रामकार चलाता है। सबसे लंबा मार्ग कैनेडी टाउन से शुरू होकर शॉ के वान पर समाप्त होता है। इस के छह प्रमुख मार्ग हैं: शॉ के वान और हैप्पी वैली के बीच; नार्थ प्वाइंट और व्हिट्टी स्ट्रीट (शेक टोंग त्सुई); कॉज़वे बे और व्हिट्टी स्ट्रीट (शेक टोंग चुई); हैप्पी वैली और कैनेडी टाउन; शॉ के वान और वेस्टर्न मार्केट; और शॉ के वान और कैनेडी टाउन।

12 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए एक तरफ यात्रा का किराया $3.3 है, जबकि 3 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बच्चों और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए $1.6 का शुल्क लिया जाता है और 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए $1.5 का शुल्क लिया जाता है। ट्राम में खुले पैसे नहीं दिए जाते हैं और यात्री ऑक्टोपस कार्ड, नकद या इलेक्ट्रॉनिक भुगतान विधियों, जैसे कॉन्टैक्टलेस कार्ड और QR कोड स्कैनिंग, के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। सेवा के मार्गों के आधार पर,

ट्राम सेवाएं आमतौर पर प्रतिदिन सुबह लगभग 6:00 बजे से मध्यरात तक संचालित होती हैं।

पूछताछ: **2548-7102**

## फेरी

स्टार फेरी चिम शा चुई और सेंट्रल के बीच रोजाना सुबह 6:30 बजे से रात 11:30 बजे तक और चिम शा चुई और वान चाई के बीच सोमवार से शनिवार (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सुबह 7:20 बजे से रात 11:00 बजे तक और रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर सुबह 7:30 बजे से रात 11:00 बजे तक चलती है। चिम शा चुई और सेंट्रल या चिम शा चुई और वान चाई फेरी सेवाएं लेने के लिए, बस टिकटिंग कियोस्क से टिकट खरीदें, वेंडिंग मशीन से किराया टोकन लें या ऑक्टोपस कार्ड, AlipayHK, WeChat Pay और वीज़ा/मास्टरकार्ड जैसे अन्य भुगतान माध्यमों का उपयोग करें। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश के साथ-साथ ऊपरी और निचले डेक ("चिम शा चुई - सेंट्रल" मार्ग के लिए) के लिए अलग-अलग किराए हैं।

फोर्च्युन फेरी सेंट्रल और हुंग होम के बीच सोमवार से शनिवार (सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर) सुबह 7:30 बजे से शाम 7:20 बजे तक और रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर सुबह 8:10 बजे से शाम 6:20 बजे तक सेवा प्रदान करती है।

सन फेरी सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (सन फेरी) लांताऊ आइलैंड (मुई वो) और चेंग चाऊ के लिए सेवाएं प्रदान करती है, जबकि हांगकांग और कॉव्लून फेरी लिमिटेड (HKK) पेंग चाऊ और लाम्मा आइलैंड के लिए सेवाएं प्रदान करती है। ये बाह्य द्वीप फेरी सेवाएं सेंट्रल के पियर से प्रस्थान करती हैं। किराया आपके गंतव्य और नौका प्रकार के अनुसार बदलता है, और रविवार तथा सार्वजनिक अवकाशों पर अलग किराया लिया जाएगा।

डिस्कवरी बे ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज लिमिटेड (DBTPL) सेंट्रल में पियर नंबर 3 से लांताऊ आइलैंड पर डिस्कवरी बे के लिए सेवाएं प्रदान करती है। रविवार और सार्वजनिक अवकाशों पर डिस्कवरी बे नार्थ के लिए विशेष प्रस्थान सेवाएँ उपलब्ध हैं।

पार्क आइलैंड ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड (PITCL) सेंट्रल में पियर नंबर नंबर 2 और चुन वान के सार्वजनिक पियर से मा वान के लिए सेवाएं प्रदान करती है

ये सभी सेवाएं नकद या ऑक्टोपस कार्ड से भुगतान स्वीकार करती हैं। सन फेरी और HKK AlipayHK और UnionpayHK द्वारा भुगतान स्वीकार करते हैं, जबकि फोर्च्युन फेरी द्वारा संचालित "सेंट्रल - हुंग होम" मार्ग AlipayHK के द्वारा भुगतान स्वीकार करता है।

| | | |
|---|---|---|
| पूछताछ: | स्टार फेरी (Star Ferry) | **2367-7065** |
| | फोर्च्युन फेरी (Fortune Ferry) | **5801-2200** |
| | सन फेरी (Sun Ferry) | **2131-8181** |
| | HKK | **2815-6063** |
| | DBTPL | **2987-7351** |
| | PITCL | **2946-8888** |

## टैक्सी

शहरी टैक्सियाँ (लाल) हांगकांग के अधिकांश क्षेत्रों (तुंग चुंग रोड और दक्षिणी लांताऊ की सड़कों को छोड़कर) में चलती हैं। न्यू टेरिटरीज की टैक्सियाँ (हरी) मुख्य रूप से न्यू टेरिटरीज के उत्तर-पूर्वी भाग (अर्थात शा तिन के उत्तर में) और उत्तर-पश्चिमी भाग (अर्थात चुन वान के उत्तर में) में चलती हैं। लांताऊ की टैक्सियाँ (नीली) केवल लांताऊ आइलैंड और चेक लेप कोक पर चलती हैं। सभी टैक्सियों को हांगकांग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, हांगकांग डिजनीलैंड और हांगकांग-झुहाई-मकाओ ब्रिज, हांगकांग पोर्ट पर सेवाएं प्रदान करने की अनुमति है। प्रभावी संचार के लिए टैक्सी ड्राइवर को चीनी भाषा में लिखा पता दिखाना आमतौर पर सबसे अच्छा तरीका होता है।

जब कोई टैक्सी किराए के लिए उपलब्ध होती है तो उसकी खिड़की के बीच में एक छोटा लाल "किराए के लिए" झंडा प्रदर्शित होना चाहिए। साथ ही, अंधेरा होने पर छत पर लगे "टैक्सी" का संकेत भी जलना चाहिए। किराया टैक्सीमीटर पर दिखाए गए अनुमोदित किराया पैमाने के अनुसार लिया जाता है। टैक्सी के अंदर दरवाजे के पैनल पर टैक्सी किराया तालिका भी प्रदर्शित की जाती है। टैक्सी में सफर करते समय सीट बेल्ट पहनना न भूलें।

**सलाह:**

यदि आप किसी टैक्सी ड्राइवर की सराहना करना चाहते हैं/आप उसकी सेवा से संतुष्ट नहीं हैं, तो गाड़ी का पंजीकरण नंबर या टैक्सी ड्राइवर की पहचान प्लेट पर दी गई जानकारी (जैसे, टैक्सी ड्राइवर की पहचान प्लेट नंबर) लें और परिवहन शिकायत इकाई हॉटलाइन **2889-9999** या सरकारी हॉटलाइन **1823** पर कॉल करें। यदि आपको लगता है कि कोई टैक्सी ड्राइवर टैक्सी मीटर के हिसाब से कानूनी तौर पर किराया नहीं ले रहा है, तो कृपया पुलिस को 2527 7177 पर कॉल करें। यदि टैक्सी में आप कोई कीमती सामान छोड़ जाते हैं, तो पुलिस से संपर्क करें या टैक्सी में गुम हुए सामान के लिए रोड को-ऑप लॉस्ट एंड फाउंड की नि:शुल्क हॉटलाइन 187-2920 पर कॉल करें।